<u>रायपुर</u>

## मालवीय स्मृति व्याख्यान माला व संगोष्ठी

पं मदन मोहन मालवीय मिशन के रायपुर इकाई द्वारा मैट्स वि.वि. के आरंग कैम्पस में मालवीय जी के कृतत्व व व्यक्तित्व पर एक संगोष्ठी आयोजित की गयी । संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता श्री हरिशंकर त्रिपाठी जी उपस्थित रहे । संगोष्ठी की अध्यक्षता मैट्स वि.वि. के कुलपति एवं पं मदन मोहन मालवीय मिशन के रायपुर इकाई के अध्यक्ष प्रो.(डा.) एस. के. सिंह ने की । इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि अधिवक्ता श्री हरिशंकर त्रिपाठी जी ने छात्र-छात्राओं को मालवीय जी के व्यक्तित्व के अनछुए पहलुओं से अवगत कराया । अन्त में, डा. ए. एम. विषेन के आभार प्रदर्शन द्वारा समारोह का समापन  हुआ ।

पं. मदन मोहन मालवीय मिशन के रायपुर इकाई द्वारा को सेंट तुलाराम कॉलेज, उत्तई दुर्ग में एक मालवीय स्मृति व्याख्यान माला का आयोजन किया गया था जिसमें कॉलेज के प्राचार्य, सभी अध्यापक एवं छात्र सम्मिलित हुये । पं मदन मोहन मालवीय स्मृति व्याख्यान माला के विषय के प्रतिपादन प्रो.(डा.) एस. के. सिंह, अध्यक्ष पं. मदन मोहन मालवीय मिशन, रायपुर इकाई ने किया एवं मुख्य अतिथि स्वामी परपत्यानन्द जी, विवेकानन्द आश्रम, रायपुर ने महान विभूति स्वामी विवेकानन्द एवं पं मदन मोहन मालवीय जी के कार्यों से छात्रों को अवगत कराया एवं प्रेरणा लेने की सलाह दी । अन्त में, प्राचार्य डा. श्रीमती क्ल्पना शर्मा के आभार प्रदर्शन द्वारा समारोह समापन हुआ ।

पं मदन मोहन मालवीय मिशन के रायपुर इकाई द्वारा मालवीय स्मृति व्याख्यान माला का आयोजन कोम्पटेक कॉलेज, धमतरी एंड गवर्नमेंट पी.जी. कॉलेज, धमतरी में किया गया । कोम्पटेक कॉलेज, धमतरी में व्याख्यान माला के विषय उच्च शिक्षा में मालवीय जी का योगदान का तिपादन, (डा.) एस. के.

सिंह, अध्यक्ष पं. मदन मोहन मालवीय मिशन, रायपुर इकाई ने किया एवं उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला । मुख्य अतिथि के आसन से स्वामी परपत्यानन्द जी, विवेकानन्द आश्रम, रायपुर ने उच्च शिक्षा में मालवीय जी के कृतत्व एवं नेतृत्व पर प्रकाश डाला एवं उच्च शिक्षा के प्रति विवेकानन्द के सन्देशों से छात्रों को अवगत कराया । अन्त में, प्राचार्य श्री नामदेव ने अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शित किया । गवर्नमेंट पी.जी. कॉलेज, धमतरी में पं. मदन मोहन मालवीय जी के जीवन चरित्र पर प्रो.(डा.) एस. के. सिंह, अध्यक्ष पं. मदन मोहन मालवीय मिशन, रायपुर इकाई द्वारा विस्तृत प्रकाश डाला गया एवं छात्रों को उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर अपना उन्नयन कर राष्ट्र निर्माण में सहायक होने की अपील की । मुख्य अतिथि के आसन से स्वामी परपत्यानन्द जी, विवेकानंद आश्रम, रायपुर ने आजादी की लडाई में मालवीय जी के योगदान एव विवेकानन्द जी के प्रेरणाओं से छात्रों को अवगत कराया । अन्त में, प्राचार्य गवर्नमेंट पी.जी. कॉलेज, धमतरी एवं प्रो. वी.के. पाठक, गणित विभाग ने अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शित किया ।

मालवीय स्मृति माला का आयोजन दिशा कॉलेज, रायपुर में स्वामी सत्यस्वरूपानन्द जी के मुख्य अतिथित्व में आयोजित किया गया । मालवीय स्मृति व्याख्यान माला के विषय उच्च शिक्षा के प्रति मालवीय जी की अवधारणा पर विस्तृत रूप में प्रकाश रायपुर इकाई के अध्यक्ष (डा.) एस. के. सिंह ने डाला । मुख्य अतिथि स्वामी सत्यस्वरूपानन्द जी ने अपने सारगर्भित उदबोधन में छोटे-छोटे उदाहरणों द्वारा छात्रों को उच्च शिक्षा के प्रति मालवीय जी के अवधारणा से प्रभावी तरीके से अवगत कराया । स्वामी परपत्यानन्द जी, विवेकानन्द आश्रम, रायपुर ने उच्च शिक्षा के प्रति मालवीय जी की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुये, विवेकानन्द जी के युवकों के प्रति सन्देशों से अवगत कराया । अन्त में प्राचार्य डा. अनिल तिवारी ने अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शित किया ।

पं. मदन मोहन मालवीय मिशन के रायपुर इकाई द्वारा मालवीय स्मृति व्याख्यान माला का आयोजन गवर्नमेंट बद्री नराई कॉलेज, आरंग, रायपुर में स्वामी परपत्यानन्द जी, विवेकानन्द आश्रम, रायपुर जी के अतिथित्व में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मालवीय स्मृति व्याख्यान माला के विषय:- मालवीय जी के कृतत्व एवं नेतृत्व पर प्रकाश रायपुर इकाई के अध्यक्ष (डा.) एस. के. सिंह ने डाला। विषय पर विस्तृत विवेचन स्वामी परपत्यानन्द जी के द्वारा किया गया। अन्त में, प्राचार्य गवर्नमेंट बद्री नराई कॉलेज, आरंग, रायपुर, ने अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शित किया।

उपरोक्त व्याख्यान माला के परिपेक्ष्य में मालवीय जी के कृतत्व व नेतृत्व पर उपरोक्त महाविद्यालयों एवं यू.टी.डी. के छात्रों के बीच एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दिनांक 25.01.2015 को बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में पं. मदन मोहन मालवीय मिशन के रायपुर इकाई द्वारा भारतरत्न मदन मोहन मालवीय के कृतत्व व व्यक्तितत्व पर एक संगोष्ठी आयोजित की गयी। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री डा. महादेव प्रसाद जी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वामी परपत्यानन्द जी, विवेकानन्द आश्रम, रायपुर एवं मुख्य वक्ता के रूप में सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता श्री हरिशंकर त्रिपाठी जी उपस्थित रहे।




मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री डा. महादेव प्रसाद जी ने अपने उदबोधन में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के अपने संस्मरण प्रस्तुत किये । स्वामी परपत्यानन्द जी, विवेकानन्द आश्रम, रायपुर ने मदन मोहन मालवीय एवं काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के बारे में सारगर्भित एवं प्रेरणादायक उदबोधन प्रस्तुत किये । मुख्य वक्ता श्री हरिशंकर त्रिपाठी जी ने ओजपूर्ण तरीके से मालवीय जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला । संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे (डा.) एस. के. सिंह ने सारगर्भित तरीके से पं. मदन मोहन मालवीय जी के उद्देश्यों एवं क्रियाकलापों पर प्रकाश डाला ।

कार्यक्रम में बी. एच. यू. एल्युमिनि एवं विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे । अन्त में निबन्ध प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किये गये एवं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया ।